# प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा है कि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना अंतर्गत प्रतिदिन की प्रोग्रेस से अवगत कराया जायें,

**चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का कार्य 30 मई तक पूर्ण कराएं : डीएम**

उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के संबंध में प्रतिदिन किये जाने वाले कार्य की रिपोटिंग संबंधित एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के स्थानीय मैनेजर द्वारा प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट में उनके समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित चंबल




सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चौतन्य चौहान, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह, स्थानीय मैनेजर दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रैअ अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि परियोजना का कार्य 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जायें तथा किसानों को सिंचाई की सुविधा सुचारू करने का लक्ष्य रखते हुए पानी खेतो में चलाकर दिखाया जायें। उन्होंने कहा कि परियोजना अंतर्गत सभी 52 ग्रामों के कमांड एरिया में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें, टेस्टिंग के समय उनके द्वारा सभी 52 ग्रामों में जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किये जायेगे, जो टेस्टिंग के दौरान कमांड एरिया में पानी की उपलब्धता का सत्यापन सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि वर्तमान में जितने भी लिकेज है, उनको सुधारने का कार्य किया जायें तथा टेक्नीकल स्टॉफपर्याप्त संख्या में नियुक्त किया जायें। सिंचाई हेतु जल वितरण के लिए लगाये गये सभी 413 बॉक्स को सुचारू करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायें।

**10 मई तक पूर्ण कराए जाएंगे कार्य**

निर्माण एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह ने बताया कि 30 मई तक डीपीआर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराये जायेगे तथा सिंचित लक्ष्य 12 हजार हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित की जायेंगी, उन्होने बताया कि जल वितरण हेतु स्थापित किये गये सभी बॉक्स को पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार मॉडिफाइ किये जाने के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिये गये है तथा सुरक्षात्मक दृष्टि से बॉक्स को कवर कराया जायेगा। वर्तमान में कंपनी के टेक्नीकल स्टॉफद्वारा चिन्हित किये गये लिकेज की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है।

# बिना नंबर और अनियमितता वाले वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर/श्योपुर, 9 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्योपुर, श्री सुधीर अग्रवाल द्वारा जिले में बिना नंबर और अनियमितता वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे

**बसों और ट्रक पर भी हुई सघन कार्रवाई**

विशेष अभियान के तहत आज विजयपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ट्रैफिक और थाना विजयपुर द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बसों, ट्रक और अन्य वाहनों के चालान काटे गए । अभियान के दौरान यात्री बसों की भी बारीकी से चेकिंग की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 02 बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन पर 5-5 हजार रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार, नियमों की अनदेखी करने वाले 01 ट्रक का भी 5 हजार रुपये का चालान कटा । आज की पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 07 वाहनों (जिनमें बसें, ट्रक और बिना नंबर वाले वाहन शामिल हैं) पर शिकंजा कसा। इस पूरी कार्रवाई में कुल 16,800 रुपये की समन शुल्क राशि वसूली गई।

स्क साहब के निर्देशों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नंबर वाले ट्रैक्टरों और दो पहिया वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस टीम न केवल चालान काट रही है, बल्कि मौके पर ही वाहन स्वामियों को नंबर प्लेट लगवाने और पेंटर के माध्यम से नंबर लिखवाने के लिए प्रेरित भी कर रही है ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना या अपराध की स्थिति में वाहन की पहचान त्वरित रूप से की जा सके। सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। बस और ट्रक चालकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि वे यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 2 आरोपी थाने में हाजिरी देने के लिए पाबंद

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेड्र अर्पित वर्मा द्वारा मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1)(क) एवं धारा 3(1)(ग) के प्रावधानो के अंतर्गत वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियो को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जन साधारण के हित में आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपी को थाने में हाजरी देने के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है।

जिसके तहत आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपी बृजेश पुत्र हरगोविन्द माली निवासी छोटा हासिलपुर थाना ढोढर को आदेश दिनांक से आगामी 06 माह तक सप्ताह में एक बार थाना प्रभारी ढोढर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। आरोपी बृजेश पर विभिन्न धाराओ के तहत 03 अपराध पंजीबद्ध है।

इसी प्रकार आरोपी कल्लू उर्फ अली बहादुर पुत्र बाबू खान निवासी वार्ड 01 किला मोहल्ला श्योपुर थाना कोतवाली श्योपुर को आदेश दिनांक से आगामी 06 माह तक सप्ताह में एक बार थाना प्रभारी कोतवाली श्योपुर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। आरोपी कल्लू उर्फ अली बहादुर पर विभिन्न धाराओ के तहत 06 अपराध पंजीबद्ध है।

**आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित**

**श्योपुर, 9 अप्रैल।** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल में बरगवां सेक्टर की आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमओ नवीन यादव (बीसीएम) एवं नरसिंहगोड (मलेरिया निरीक्षक) उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए इसके नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने ग्रामों में प्रतिदिन घर-घर जाकर भ्रमण करें।

# कर्मचारी बीमा सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करें : डीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 अप्रैल।** कलेक्टर ने कहा है कि संगठित क्षेत्र के बीमित श्रमिको को निवारक देखभाल और सार्वजनिक

**औद्योगिक क्षेत्रो में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश**



स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जायें। इसके साथ ही श्रमिको हेतु निवारक स्वास्थ्य देखभाल के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों टीबी उन्मूलन, एनसीडी स्क्रीनिंग और टीकाकरण अभियान से जोडा जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रम विभाग अंतर्गत ईएसआईएस बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, सहायक संचालक एमएसएमई शुभम अग्निहोत्री, बीएमओ कराहल डॉ सौरभ कुशवाह, डीपीएम हेमंत रावत, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेन्द्र रावत, टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि औद्योगिक श्रमिकों के स्वास्थ्य सुधार एवं उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक कलस्टरो में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायें। उन्होंने कहा कि ईएसआईएस तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में किये गये कार्यो की समीक्षा की जायेगी।

उन्होंने निर्देश दिये कि श्रमिको एवं कामगारों के स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग की जायें तथा एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत बीपी, शुगर और अन्य बीमारियों का परीक्षण किया जाये, श्रमिको के परिवारों को शत प्रतिशत टीकाकरण कवरेज उपलब्ध कराया जायें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि तम्बाकू, गुटका, बीडी, सिगरेट, शराब आदि प्रकार के नशे से दूर रहने तथा इसके दुष्प्रभावों को बताने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाया जायें। उन्होंने किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेंशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि वर्तमान में 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है, इसे शीघ्र ही शत प्रतिशत किया जायें।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीबी स्क्रीनिंग तथा एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षण के लिए पंचायतों में नियमित रूप से शिविरों का आयोजन किया जायें।

# अब वाहन चालकों को नहीं होगी परेशानी

**श्योपुर में सीएनजी सुविधा शुरू शिवपुरी रोड जिला अस्पताल के सामने सीएनजी पेट्रोल पंप का हुआ शुभारंभ**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 अप्रैल।** जिले के वाहन चालकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अब उन्हें सीएनजी भरवाने के लिए लंबी दूरी तय करने या घंटों लाइन में खड़े रहने की परेशानी से काफी हद तक छुटकारा मिल सकेगा। शिवपुरी रोड स्थित जिला अस्पताल के सामने एचपी पेट्रोल पंप पर गुरुवार से सीएनजी सुविधा का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है।



जाटखेड़ा स्थित एक ही पेट्रोल पंप

अब तक श्योपुर जिले में केवल जाटखेड़ा स्थित एक ही पेट्रोल पंप पर सीएनजी उपलब्ध थी। एकमात्र पंप होने के कारण यहां वाहन चालकों की लंबी-लंबी कतारें लगती थीं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती थी कि वाहन चालकों को मजबूरी में राजस्थान के सवाई माधोपुर या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और अतिरिक्त खर्च दोनों बढ़ जाते थे। नए सीएनजी पंप के शुरू होने से अब इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो गया है। खासतौर पर ऑटो चालकों, टैक्सी संचालकों और निजी सीएनजी वाहनों के लिए यह सुविधा बेहद लाभकारी साबित होगी। इससे न केवल ईंधन आसानी से उपलब्ध होगा, बल्कि समय की भी बचत होगी और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि भविष्य में जिले में और भी सीएनजी पंप शुरू किए जाएंगे, जिससे स्वच्छ और किफायती ईंधन का उपयोग बढ़ेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# भागवत कथा का समापन, हवन-पूर्णाहुति व विशाल भंडारा

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 9 अप्रैल।** ग्राम ऊमरी कला, परगना विजयपुर स्थित श्री कैंमखो आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन अब निकट है। यह पावन आयोजन 2 अप्रैल 2026 से निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।



कथा व्यास आचार्य पुरुषोत्तम पाठक (करैरा, जिला शिवपुरी) द्वारा श्रीमद् भागवत के विभिन्न प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद एवं रुक्मणी मंगल जैसे प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। साथ ही संत महापुरुषों का सम्मान कर उन्हें माला, वस्त्र भेंट कर एवं प्रसादी ग्रहण कराई गई। यह धार्मिक आयोजन श्री श्री 108 श्री बालक दास महाराज (कैंमखो आश्रम) के सान्निध्य एवं हनुमान जी महाराज की कृपा से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रामस्वरूप धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, गिर्राज (सचिव), रामतीर्थ, सुशील एवं अलकेश धाकड़ (समाजसेवी) हैं। समापन अवसर पर दिनांक 9 अप्रैल 2026, गुरुवार को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समाजसेवी अलकेश धाकड़ ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हवन-पूर्णाहुति में भाग लें तथा भंडारे की प्रसादी ग्रहण करें।उन्होंने कहा कि आप सभी की उपस्थिति हमारे लिए गौरव का विषय होगी। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से समय पर पहुंचकर इस पुण्य अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

# ऊमरी कला गांव में भक्ति का महासंगम भागवत कथा महायज्ञ में संत सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 9 अप्रैल।** ग्राम ऊमरी कला, परगना विजयपुर स्थित श्री कैंमखो आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

**हजारों संत-महात्माओं का हुआ भव्य आगमन**

महायज्ञ के अंतर्गत आज भव्य संत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में रंग दिया।

इस अवसर पर दूरदराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु पहुंचे, जिससे आश्रम परिसर आस्था के विशाल संगम में तब्दील हो गया। कथा व्यास आचार्य पुरुषोत्तम पाठक करैरा, जिला शिवपुरी द्वारा श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण एवं रसपूर्ण वर्णन निरंतर किया जा रहा है। कथा के दौरान रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद और रुक्मणी मंगल जैसे प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वातावरण में गूंजते भजन-कीर्तन और जयकारों ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। संत सम्मेलन के दौरान विभिन्न संत-महात्माओं ने धर्म, संस्कृति, नैतिक मूल्यों और समाज में एकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। संतों ने अपने आशीर्वचन में समाज को धर्म के मार्ग पर चलने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर संतों का पुष्पमाला, शॉल एवं वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।आयोजन श्री श्री 108 श्री बालक दास महाराज (कैंमखो आश्रम) के सान्निध्य एवं हनुमान जी महाराज की कृपा से संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रामस्वरूप धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, गिर्राज सचिव, रामतीर्थ, सुशील एवं समाजसेवी अलकेश धाकड़ हैं, जिनके नेतृत्व में यह धार्मिक आयोजन भव्य रूप ले चुका है।संतों के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संतों के चरणों में शीश नवाकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**सांस्कृतिक जागरूकता का भी दिया संदेश**

इस अवसर पर समाजसेवी अलकेश धाकड़ ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हवन-पूर्णाहुति में भाग लेने एवं भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आप सभी की उपस्थिति हमारे लिए गौरव का विषय होगी। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से समय पर पहुंचकर इस पुण्य अवसर का अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का भी संदेश दे रहा है।

# मलेरिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 9 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एनएस बिंदल के निर्देशन में जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है।



इसी क्रम में आज सांदीपनि विद्यालय विजयपुर में छात्रों को मच्छरों की रोकथाम एवं मलेरिया नियंत्रण, एचपीवी टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत एवं राष्ट्रीय किशोर स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत विस्तार से समझाइश दी।

एमटीएस श्री साहिब कुरैशी ने मलेरिया नियंत्रण के लिए लार्वा सर्वे एवं बुखार रोगियों की जाँच करने के साथ उपस्थित छात्रों को मच्छरों एवं मलेरिया के नियंत्रण के बारे में विस्तार से समझाइश दी बीपीएम श्री दिलीप डंडोतिया ने छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण को करवाने हेतु समझाइश दी कि एचपीवी टीकाकरण करवाने से सर्वाईकल कैंसर जैसी भयाभय बीमारी से बचा जा सकता है। बीसीएम श्री कमल किशोर ने छात्रों को एनीमिया को दूर करने के लिए सभी छात्रों को विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयरन की टेबलेट के सेवन की जानकारी दी।

# विजयपुर में मिसाल बनी पहल 4 स्कूलों में लगाए वाटर कूलर, 3500 विद्यार्थियों को राहत




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 9 अप्रैल।** भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। सामाजिक दायित्व निभाते हुए विजयपुर के आसपास स्थित चार शासकीय विद्यालयों में वाटर कूलर स्थापित कर एक सराहनीय पहल की है। इस कदम से करीब 3500 विद्यार्थियों को अब ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

कंपनी द्वारा यह सुविधा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल इकलौद, शासकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा, शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय इकलौद और शासकीय मिडिल स्कूल खितरपाल में उपलब्ध कराई गई है। गर्मी के मौसम में जहां पानी की समस्या आम हो जाती है, वहीं यह पहल विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने कंपनी के इस प्रयास की जमकर सराहना की है।

उनका कहना है कि इससे बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। गौरतलब है कि ऋद्गह्लद्ग2 क्चा ह स्नुह्रस्र इससे पहले भी क्षेत्र में शिक्षा और विकास से जुड़े कई कार्य कर चुकी है। यह पहल कंपनी की सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

# कराहल एवं सहसराम में स्वास्थ्य शिविर 10 अप्रैल को

**श्योपुर, 8 अप्रैल।** राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत 10 अप्रैल शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में कराहल तथा सहसराम के होम्योपैथी औषधालयों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जायेगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में महात्मा हैनिमैन की 271वी जयंती विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर 10 अप्रैल को आयुष विभाग श्योपुर द्वारा जिले के दो होम्योपैथी औषधालयों कराहल एवं सहसराम में प्रात: 10 बजे से सांय 04 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सको के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, नि:शुल्क जांच एवं दवा विवरण किया जाएगा।



# विजयपुर में घरेलू गैस संकट पर उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 9 अप्रैल।** नगर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से

**एसडीएम बंगले के सामने लगाया जाम**

परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर दिखाई दिया। गैस की अनियमित आपूर्ति और बढ़ती परेशानियों के विरोध में लोगों ने एसडीएम बंगले के सामने जाम लगा दिया, जिससे मुख्य मार्ग करीब 1 घंटे तक बाधित रहा।

बताया जा रहा है कि उपभोक्ता पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर नहीं मिलने की समस्या से जूझ रहे थे। आक्रोशित लोगों ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसी द्वारा कालाबाजारी की जा रही है और आम उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर चार दिन पहले ही प्रशासन को अवगत कराया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी के चलते आज लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार रवि शंकर शर्मा एवं थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर की टीम ने समझाइश देकर लोगों को शांत कराया, जिसके बाद करीब एक घंटे बाद जाम खुलवाया गया और यातायात सामान्य हुआ। फिलहाल उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।